दिनांक : 31.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर जोर दिया है। मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए हमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने देशवासियों से भारत में ही बनी चीजों के इस्तेमाल का आह्वान किया।

............

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि साफ–सफाई से उत्साह और बढ़ जाता है। एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना में खेलों की बड़ी भूमिका बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा। श्री मोदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म **प्रतिभा सेतु पोर्टल** का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उन परीक्षार्थियों का डेटा सुरक्षित रखा जाता है, जिन्होंने यूपीएससी की परीक्षाओं के हर चरण को पार तो किया, लेकिन अंतिम सूची में मामूली अंतर से जगह नहीं बना सके। इसमें दस हजार युवाओं का डेटा मौजूद है, जिससे निजी कम्पनियां होनहार प्रतिभाओं को तुरंत नौकरी के अवसर उपलब्ध करवा रही है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के महत्व को भी रेखांकित किया। श्री मोदी ने प्राकृतिक आपदाओं को देश के लिए कसौटी बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान बाढ़ और भू–स्खलन की घटनाओं से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों में लगे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों और तत्परता के साथ लोगों की जान बचाने के लिए इन बलों ने अथक प्रयास किये।

............

प्रधानमंत्री मोदी ने आज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता की। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों की 2 अरब 80 करोड़ लोगों की जनता के हित आपसी सहयोग से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता का माहौल है। विश्वास और सम्मान से दोनों के संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा प्रबंधन पर सहमति बनी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरु हो गई है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान भी शुरु की जा रही है। श्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ शिखर सम्मेलन के अन्य नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे।

.............

राज्य मंत्रिमंडल की आज बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में दोपहर में होने वाली कैबिनेट की इस बैठक को कल से शुरू होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र को देखते हुए काफी अहम माना जा रहा है। बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान रखे जाने वाले बिलों का प्रारूप अनुमोदित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में होने वाले इस बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद आज शाम मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक रखी गई है।

...............

राज्य में अधिकतर स्थानों पर आज मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान कई जगह गरज के साथ मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार हैं। बीकानेर, जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी अंचल में कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में हनुमानगढ़ के टिब्बी और दौसा के महुआ में 12–12 सेंटीमीटर पानी बरसा।

.................